# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 09 अक्टूबर 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON Google Play

Download App

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GK Search Engine GK Search Engine GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में 14 से 27 नवम्बर तक कहां आयोजित होने वाले इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में राजस्थान को पार्टनर स्टेट' का दर्जा दिया गया है?

(A) जयपुर में

**(B) नई दिल्ली में**

(C) बैंगलुरू में

(D) इनमें से कोई नही

- *इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) का 44वां संस्करण 14 से 27 नवम्बर तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर आयोजित किया जाएगा।*
- *इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में इस बार राजस्थान को 'पार्टनर स्टेट' का दर्जा दिया गया है।*
- *44वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में राजस्थान को पार्टनर स्टेट बनाए जाने से प्रदेश की उत्कृष्ट कला, बहुआयामी संस्कृति, समृद्ध विरासत एवं धरोहर का व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किया जा सकेगा।*
- *फेयर में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' थीम के अनुसार ही राजस्थान पैवेलियन बनाया जाएगा 18 नवम्बर को 'स्टेट डे-राजस्थान दिवस' मनाया जाएगा*

Yesterday Revision

⭕. राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026 का आयोजन - 4 से 6 जनवरी 2026 को कहां किया जाएगा?:- जयपुर

⭕. हाल ही में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के 9वें अधिवेशन का आयोजन राजस्थान में कहां किया गया है?:- जयपुर

⭕. हाल ही में 8 अक्टूबर को प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन किस शहर में किया जाएगा?:- सूरत

⭕. हाल ही में राजस्थान क्रिकेट संघ (RCA) का नया लोकपाल किसे नियुक्त किया गया है?:- अजय रस्तोगी

⭕. राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने किस विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. बलराज सिंह को निलंबित कर दिया है?:- श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय

**01. हाल ही में राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित थार महोत्सव 2025 में थार श्री का खिताब किसने जीता है?**

**(A) धर्मेंद्र डाबी**

**(B) रवीन्द्र बिश्नोई**

**(C) रवीन्द्र चौधरी**

**(D) इनमें से कोई नही**



**Important Facts:**

⭕ राजस्थान पर्यटन विभाग राजस्थान व जिला प्रशासन बाड़मेर द्वारा थार महोत्सव का 8-9 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया जा रहा है
इसमें थार श्री खिताब का धर्मेंद्र डाबी को मिला है और मिस थार खिताब नक्षत्री चौधरी ने जीता है

⭕ थार महोत्सव की थीम - रंग रेगिस्तान के रखी गई है

⭕ इस अवसर पर बाड़मेर के पंच गौरव ऐतिहासिक पर्यटन स्थल किराडू व महाबार धोरो पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है

⭕ मुख्य आकर्षण : गेर नृत्य, ऊंट का गोरबंद श्रृंगार,मिस्टर थार श्री व मिस थार, मांगणियार व लंगा कलाकरों की प्रस्तुति, कालबेलिया नृत्य

02. हाल ही में भारत और रूस के बीच 'इंद्र-2025' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास की शुरुआत राजस्थान में कहां हुई है?

(A) बीकानेर

(B) जोधपुर

(C) जैसलमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारत और रूस के बीच सामरिक सहयोग और रक्षा साझेदारी की एक और महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में 'इंद्र-2025' नामक संयुक्त सैन्य अभ्यास की शुरुआत 6 अक्टूबर को राजस्थान में बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में औपचारिक शुरुआत हुई.
- यह अभ्यास 15 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें दोनों देशों की सेनाएं आतंकवाद-रोधी अभियानों, संयुक्त युद्धाभ्यासों और सामरिक समन्वय को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी.
- अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक संयुक्त सामरिक अभियानों, संचार नेटवर्किंग, और संयुक्त कमांड संरचना के तहत कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे. इसके अलावा, आधुनिक युद्ध परिस्थितियों में आपसी सामरिक संगतता और अनुभवों के आदान-प्रदान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा

03. हाल ही में राजस्थान की निजी क्षेत्र की कम्पनी रब सीड्स प्राइवेट लिमिटेड ने किस विश्वविद्यालय के साथ

(A) चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

(B) स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय

(C) करनाल का राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सरसों की अपनी उन्नत किस्म RH-1975 को किसानों तक पहुंचाने के लिए निजी कंपनी रब सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, राजस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस समझौते का उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की गई नई सरसों किस्म के बीजों को निजी क्षेत्र की सहायता से अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाना और किसानों को विश्वसनीय किस्में व तकनीक उपलब्ध कराकर खाद्य उत्पादन में वृद्धि करना है।
- RH- 1975 की औसत पैदावार 11-12 क्विंटल प्रति एकड़ तथा 14-15 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन क्षमता है. इस किस्म में तेल की मात्रा 39.5 फीसद है जिसके कारण यह किस्म अन्य किस्मों की अपेक्षा किसानों के बीच अधिक लोकप्रिय है

04. भारत सरकार के इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर ने AI तकनीक से लैस 'आई-कैट' सॉफ्टवेयर का पायलट प्रोजेक्ट राजस्थान के किस रेंज में शुरू किया गया है ?

(A) जयपुर रेंज

(B) भरतपुर रेंज

(C) जोधपुर रेंज

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ साइबर अपराधिया पर नकेल कसन के लिए भारत सरकार के इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर ने नया कदम उठाया है।

⭕ आई4सी ने एआई तकनीक से लैस 'आई-कैट' सॉफ्टवेयर विकसित किया है, जो किसी भी क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल नंबरों और सोशल मीडिया गतिविधियों का विश्लेषण कर संदिग्ध नंबरों की पहचान कर लेगा।

⭕ सबसे पहले इस सॉफ्टवेयर का पायलट प्रोजेक्ट राजस्थान के जयपुर रेंज में शुरू किया गया है। प्रथम चरण में अलवर, भिवाड़ी और खैरथल-तिजारा क्षेत्र को चुना गया।

⭕ इस दौरान पुलिस ने 3.85 करोड़ मोबाइल नंबरों का डेटा सॉफ्टवेयर में अपलोड किया। एआई विश्लेषण के बाद 7.66 लाख संदिग्ध नंबर सामने आए।

**05. राजस्थान में साइबर सुरक्षा हेतु किस माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाने का निर्देश दिया गया है?**

(A) नवम्बर 2025

(B) अक्टूबर 2025

(C) दिसम्बर 2025

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में अब साइबर सुरक्षा के प्रति बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलेगा।
- पुलिस महानिदेशक कार्यालय SCRB एवं साइबर क्राइम राजस्थान ने एक आधिकारिक परिपत्र जारी कर आगामी अक्टूबर माह को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाने का निर्देश दिया है।
- यह पहल भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र नई दिल्ली के निर्देशों के संदर्भ में की गई है। जिसका उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

06. राजस्थान के जयपुर में किसके सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा?

(A) लघु उद्योग भारती

(B) रीको

(C) राजसीको

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि लघु उद्योग भारती के सहयोग से जयपुर में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा और इस प्रोग्राम के जरिए लगभग 5000 युवाओं को ट्रेनिंग भी मिलेगी।
- इससे राजस्थान के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे
- केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जयपुर में एक इंटीग्रेशन केंद्र स्थापित करने वाले हैं और यह सेंटर स्टार्टअप्स को रेलवे सेक्टर से जोड़ेगा। यहां पर युवाओं को मेंटरशिप निवेश और नेटवर्किंग की सुविधा मिलेगी।

07. वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स लंदन द्वारा राजस्थान के किस विभाग को 5 दुर्लभ प्रजातियों के 17 लाख से अधिक पेड़ लगाने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया?

(A) राजस्थान चिकित्सा विभाग

(B) राजस्थान शिक्षा विभाग

(C) राजस्थान कृषि विभाग

(D) इनमें से कोई नहीं

GK SEARCH ENGINE

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स लंदन द्वारा राज्य के शिक्षा विभाग को 5 दुर्लभ प्रजातियों के 17 लाख से अधिक पेड़ लगाने पर प्रमाण पत्र भी दिया गया।
- 14 सितम्बर को SMS चिकित्सा महाविद्यालय सभागार, जयपुर में राज्य स्तरीय हिंदी दिवस समारोह – 2025 आयोजित किया गया
- उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे, इस अवसर पर यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

**08. राजस्थान के जोधपुर में हाथ रो हुनर- स्किल ऑफ द हैंड थीम पर जोधपुर आर्ट्स वीक कब से आयोजित किया गया?**

(A) 2-8 अक्टूबर

(B) 1-7 अक्टूबर

(C) 3-9 अक्टूबर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- हाथ रो हुनर- स्किल ऑफ द हैंड थीम पर जोधपुर आर्ट्स वीक 1 अक्टूबर से आयोजित किया जा रहा है
- 1 से 7 अक्टूबर तक ब्लू सिटी जोधपुर के धरोहरों पर आयोजित होने वाले इस फ़ेस्टिवल में दुनियभर के कलाकार और डिज़ाइनर सम्मिलित हुए
- सात दिवसीय इस उत्सव में राजस्थान की विरासत को विभिन्न रूपों से पेश किया गया

09. नमो सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी' किस संस्थान में स्थापित की जाएगी?

(A) आईआईटी दिल्ली

(B) आईआईटी बॉम्बे

(C) आईआईटी भुवनेश्वर

(D) आईआईटी मद्रास

**Important Facts:**

- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'नमो सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी' की स्थापना को मंजूरी दी है।
- यह कदम भारत में सेमीकंडक्टर अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।
- 'नमो सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी' आईआईटी भुवनेश्वर में स्थापित की जाएगी।
- इस परियोजना को Ministry of Electronics and Information Technology द्वारा लगभग ₹4.95 करोड़ की राशि से वित्त पोषित किया जा रहा है।

10. भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी 23 से 29 नवंबर 2025 तक किस शहर में आयोजित होगी?

(a) जयपुर

(b) भुवनेश्वर

(c) लखनऊ

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी 23 से 29 नवंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित होगी।
- इसमें भारत और विदेश से 35,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रतिभागियों की सुरक्षा और सुविधा 19 के लिए विश्वस्तरीय टेंट सिटी का निर्माण किया है।
- इस जम्बूरी में साहसिक खेल, विज्ञान प्रदर्शनी और सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।
- भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी 4 से 10 जनवरी 2023 तक राजस्थान के पाली जिले के रोहट में "शांति के साथ प्रगति" विषय पर आयोजित की गई थी।
- भारत में पहली जम्बूरी 1953 में हैदराबाद में हुई थी

Today, Quiz:

**Q. हाल ही में राजस्थान क्रिकेट संघ (RCA) का नया लोकपाल किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) अजय रस्तोगी

(B) रवीन्द्र भट्ट

(C) संजीव वर्मा

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine